दिनांक 21.09.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

स्वच्छता कलश यात्रा निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

भिलाईनगर/ स्वच्छ भारत अभियान के तहत् चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के पखवाड़े में आज स्वच्छता कलश यात्रा निकालकर सैकड़ों महिलाओं ने स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता कलश यात्रा के दौरान अण्डा चौक के पास हनुमान मंदिर से जल भरकर परम्परा अनुसार मॉ दुर्गा की प्रतिमा के साथ लम्बी कलश यात्रा निकाली गई। सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव ने बताया कि पिछले 24 वर्षों से लगातार इस प्रकार का कार्यक्रम किया जाता है जिस परिवार के लोग अपने परिवार की खुशहाली के लिए ज्योति स्थापित करते हैं उस घर की महिलाएं स्वयं चलकर जल भरकर लाती है जिसे कलश स्थापना स्थल पर रखा जाता है उन्ही कलशों में ज्योति प्रज्वलित की जाती है । बालाजी नगर के भूतपूर्व वीर सैनिक उल्लूर, सीताराम, राजू चौक के पास स्थापित होने वाली दुर्गा प्रतिमा के पास स्थापित किया जाता है। अण्डा चौक निवासी गृहणी पुष्पलता ने कहा पिछले 24 वर्षों से शरद नवरात्री में कलश यात्रा में भाग ले रही हुं इस बार स्वच्छ भारत अभियान के स्वच्छता ही सेवा से जुड़कर ऐसा लग रहा है कि मैं भी इस राष्ट्रव्यापी अभियान के देश हित में कार्य कर सकती हुॅ। स्वच्छ भारत अभियान की सफलता में हम महिलाओं का विशेष योगदान है घर की सफाई की जिम्मेदारी हमारी ही है हमारी ही बहनें अपने घरों से निकलने वाली कचरों को नाली में डाल देती है। नगर निगम महापौर देवेन्द्र यादव, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, आयुक्त के0एल0 चौहान ने सभी दुर्गा पुजा पण्डाल के व्यवस्थापक सदस्यों से अनुरोध किया है कि अपने कार्यक्रम स्थल में स्वच्छ भारत का स्वच्छता ही सेवा का बेनर लगायें, स्वच्छता के लिए सबको प्रेरित करें, स्वच्छता के बेनर का प्रारुप नगर निगम के जोन कार्यालय, मुख्य कार्यालय के स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त किया जा सकता है। अपने दुर्गा पण्डाल स्थलों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान दें। स्वच्छता जन आंदोलन बनाने के लिए जनता की भागीदारी आवश्यक है।

जनसम्पर्क अधिकारी
नगर पलिक निगम भिलाई